CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 132 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार , 31 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## दो से ज्यादा बच्चों पर भी बन सकेंगे सरपंच-प्रधान, सरकार हटा सकती है रोक

### यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा बोले- सरकारी कर्मचारियों को मिली राहत, जनप्रतिनिधियों से भेदभाव क्यों?

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में दो से ज्यादा बच्चों वाले उम्मीदवारों को पंचायत और निकाय चुनाव लड़ने से रोकने वाला नियम जल्द हटाया जा सकता है। सरकार ने इस पर गंभीर मंथन शुरू कर दिया है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जब सरकारी कर्मचारियों को तीन संतान की छूट मिल चुकी है, तो जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सरकार इस पर विचार कर रही है। मंत्री खर्रा ने बताया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा हो चुकी है। फिलहाल सभी पक्षों की राय ली जा रही है, जिसके बाद सरकार अंतिम निर्णय लेगी। उन्होंने कहा, जब कर्मचारी और जनप्रतिनिधि दोनों ही सार्वजनिक सेवा से जुड़े हैं, तो नियम भी समान होने चाहिए।

### भैरोंसिंह सरकार के समय लगा था प्रतिबंध

यह नियम वर्ष 1994-95 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत की सरकार ने लागू किया था। इसके तहत दो से अधिक बच्चे होने पर पंचायत या निकाय चुनाव लड़ने पर रोक है। यहां तक कि चुनाव जीतने के बाद तीसरा बच्चा होने पर पद भी छिन सकता है।

### कर्मचारियों को पहले ही मिली राहत

2002 में सरकारी नौकरी के लिए भी ऐसा ही प्रावधान था, पर वसुंधरा सरकार ने 2018 में नियमों में ढील दी। अब तीसरे बच्चे पर प्रमोशन रोकने की अवधि 5 साल से घटाकर 3 साल कर दी गई है।

### विधानसभा में भी उठा मुद्दा

इस साल चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था कि जब सांसद-विधायकों पर यह रोक नहीं है, तो सरपंचों-प्रधानों



पर क्यों? तब सरकार ने कहा था कि यह मामला गंभीर है और इस पर विचार किया जाएगा। यदि सरकार यह प्रतिबंध हटा देती है, तो राजस्थान देश का पहला राज्य बन सकता है, जहां दो से अधिक बच्चों वाले भी पंचायतीराज और निकाय चुनाव लड़ सकेंगे।

## दो साल से फरार 5 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेडा ।**

जिला विशेष टीम और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गुरुवार को चोरी, नकबजनी और विद्युत अधिनियम में वांछित 5 हजार रुपए के ईनामी आरोपी नरेश रेगर पुत्र रामेश्वरलाल रेगर निवासी दरीबा पुर, को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहा था और बार-बार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था।

थाना अधिकारी मुलचंद वर्मा ने बताया कि नरेश रेगर पर थाना बनेड़ा में बीते वर्ष मामला दर्ज था । आरोपी कई थानों में वांछित है। आरोपी के खिलाफ कई थानों में एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें चोरी, धोखाधड़ी और नकबजनी जैसे अपराध शामिल हैं। वह कई थानों में स्थाई वारंटी के रूप में भी फरार चल रहा था।

पुलिस रेकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ उदयपुर, चित्तौड़गढ़, नीमच और भीलवाड़ा जिलों के थानों में 15 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कुछ मामलों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जबकि कुछ की जांच जारी है।

## राजस्थान में 3 से 7 नवंबर तक लगेंगे फॉलोअप शहरी सेवा शिविर

### मकान-जमीन की लीज राशि पर ब्याज 100% माफ, मूल राशि में भी रियायत पुराने लंबित प्रकरणों का होगा निपटारा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान सरकार ने नगरीय निकायों, विकास प्राधिकरणों, यूआईटी और हाउसिंग बोर्ड क्षेत्रों में आमजन को राहत देने के उद्देश्य से चलाए गए शहरी सेवा शिविरों का एक और चरण शुरू करने का फैसला किया है। 3 से 7 नवंबर तक पूरे प्रदेश में फॉलोअप कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पहले चरण 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के दौरान लंबित रहे मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इन फॉलोअप शिविरों में नए आवेदन नहीं लिए जाएंगे, बल्कि सिर्फ उन्हीं प्रकरणों पर कार्रवाई होगी जो पिछले शिविरों में पेंडिंग रह गए थे। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी) ने सभी जिलों को आदेश जारी कर दिए हैं कि इन कैंपों में मुख्य




शिविर की तरह ही सभी शिथिलताएं और छूटें लागू रहेंगी। सरकार की इस पहल के तहत मकान और जमीन की बकाया लीज राशि पर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट और मूल राशि में भी रियायत दी जा रही है। जिन आवेदकों को पहले कैंप में डिमांड जारी हुई थी या नहीं हुई, दोनों को ही राहत का लाभ मिलेगा।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अब नामांतरण (ट्रांसफर), सब-डिवीजन, पुनर्गठन और लीज होल्ड से फ्री होल्ड कराने की प्रक्रिया में मौका निरीक्षण (साइट इंस्पेक्शन) नहीं किया जाएगा, जिससे आमजन को दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। इन शिविरों का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक शासन की योजनाओं से वंचित न रहे और लंबित मामलों का त्वरित निपटारा हो सके। सरकार का दावा है कि इस बार फॉलोअप कैंप में हजारों लोगों को लीज, नामांतरण और ब्याज माफी से सीधा फायदा मिलेगा।

## तेज रफ्तार बजरी ट्रॉली ने ली युवक की जान

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

हनुमान नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। बहन को ससुराल छोड़कर लौट रहे युवक की बाइक को बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है जानकारी के अनुसार, घाटी का बाड़ा निवासी 23 वर्षीय अजय मीणा पुत्र दुर्गालाल मीणा गुरुवार सुबह अपनी बहन को ससुराल छोड़ने गया था। लौटते समय राजीगांधी स्कूल, अमरवासी के पास बजरी भरी ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी , जिससे वाहन पलट गया और अजय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस ने शव को देवली अस्पताल पहुंचाया गया । जहाँ पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## प्रदेश में भवन-सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए सघन निरीक्षण अभियान शुरू

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 1 से 30 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में भवन और सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार ने सघन निरीक्षण अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। यह अभियान 1 से 30 नवंबर तक पूरे प्रदेश में चलेगा।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता की सघन मॉनिटरिंग की जाए। इस अभियान के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, स्वायत्त शासन विभाग और समग्र शिक्षा अभियान के तहत किए जा रहे भवन और सड़क निर्माण कार्यों की गहन जांच होगी।



प्रत्येक जिले में तीन निरीक्षण समितियां बनाई जाएंगी जो निर्माण और मरम्मत कार्यों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपेंगी। इसके बाद कलेक्टर संबंधित विभाग के प्रभारी सचिव को रिपोर्ट भेजेंगे।

राज्य सरकार ने यह कदम निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर मिल रही लगातार शिकायतों के बाद उठाया है। अभियान के दौरान समितियां प्रदेशभर में सड़कों और भवनों के निर्माण व मरम्मत कार्यों की जांच कर वास्तविक स्थिति उजागर करेंगी। दोषी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959


Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## बिजौलिया थाने की कमान फिर संभालेंगे लोकपाल सिंह, चर्चित कार्यशैली और बड़ी कार्रवाईयों के लिए जाने जाते हैं अधिकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



एक बार फिर क़स्बा स्थित थाना एक अनुभवी और सख्त पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में आया है। गुरुवार को पुलिस निरीक्षक लोकपाल सिंह ने बिजौलिया थाने के प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। सिंह इससे पहले भी इसी थाने में एसएचओ रह चुके हैं, जहाँ अपनी सख्त और निष्पक्ष कार्यशैली के कारण वे लगातार चर्चा में रहे।

राजस्थान पुलिस मुख्यालय से हाल ही में जारी आदेशों के तहत लोकपाल सिंह को उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक सीआई पद पर पदोन्नत किया गया है। जयपुर पुलिस मुख्यालय के ट्रेनिंग सेंटर में एक माह के प्रशिक्षण के बाद उन्हें पुनः नगर स्थित थानाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया।

अपने पूर्व कार्यकाल में लोकपाल सिंह ने बिजौलिया क्षेत्र में चोरी, नकबजनी और एनडीपीएस जैसे गंभीर मामलों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। विशेष रूप से अन्तर्राज्यीय बाछड़ा गैंग के कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में रही । इस गैंग के सदस्यों के खिलाफ देशभर के विभिन्न थानों में 100 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। उनकी इस कार्रवाई ने न केवल क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त किए, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत किया।

पदभार ग्रहण करते हुए लोकपाल सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य बिजौलिया क्षेत्र को पूरी तरह अपराध मुक्त और सुरक्षित बनाना है। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई और आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार, दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है, और इसे कायम रखना मेरी प्राथमिकता होगी। गौरतलब है कि पिछले एक माह से एसएचओ उगमाराम सैनी ने कार्यवाहक थानाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दीं। अब लोकपाल सिंह के पुनः कार्यभार संभालने से क्षेत्रवासियों में पुलिस प्रशासन को लेकर नई उम्मीदें जागी हैं।

# भूमाफियाओं पर नकेल कसने की तैयारी, बिजोलिया में पुराने पंचायत दस्तावेजों से नामांतरण पर रोक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नगर पालिका बिजोलिया प्रशासन ने नगर सीमा क्षेत्र में भूमि से जुड़ी अनियमितताओं पर सख्ती दिखाते हुए बड़ा कदम उठाया है। अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने पंजीयन एवं उप-पंजीयन अधिकारी, बिजोलिया को पत्र लिखकर पूर्व ग्राम पंचायतों के दस्तावेजों के आधार पर किए जा रहे स्वामित्व अंतर (नामांतरण) पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी ने पत्र में बताया है कि राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत ग्राम पंचायत बिजोलियों के क्षेत्र को नगर पालिका सीमा में शामिल किया गया था। इसके बाद नयागांव, फतहपुर, पुरोहितों का खेड़ा, रामपुरिया, मंडोल और केसूविलास सहित कई गांवों




को भी नगर पालिका सीमा में सम्मिलित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस संक्रमण काल में कई भूमि लेन-देन पुराने ग्राम पंचायत दस्तावेजों के आधार पर किए जा रहे हैं, जिससे भूमाफियाओं द्वारा फर्जी नामांतरण और कानूनी विवादों की संभावनाएं बढ़ रही हैं। ऐसी स्थिति में नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार का नामांतरण, विक्रय, उपहार, पावर ऑफ अटॉर्नी अथवा स्वामित्व अंतर नगर पालिका की पूर्व स्वीकृति के बिना स्वीकार न किया जाए।

अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने कहा नगर पालिका बनने के बाद सभी क्षेत्रों में ऐसी रोक लगाई जाती है ताकि रिकॉर्ड सही रहे और फर्जीवाड़ा न हो। बिजोलिया में यह रोक लगभग एक वर्ष बाद लगाई जा रही है। यह कदम आम नागरिकों के लिए नहीं, बल्कि भूमाफियाओं और गलत दस्तावेज़ों से कब्जा जमाने वालों के खिलाफ सख्ती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति वैध दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) हेतु आवेदन करता है, तो नगर पालिका द्वारा उसे अनुमति दी जाएगी।

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय क्षेत्र में भू-अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। संक्रमण काल में फर्जी नामांतरण और दस्तावेजों की हेराफेरी को रोकने के लिए यह सख्ती भविष्य में भूमि विवादों को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

# रात्रि चौपाल एवं जन सुनवाई का हुआ आयोजन, ग्रामीणों की समस्याएं हुई दर्ज



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

उपखंड क्षेत्र की गोपालपुरा ग्राम पंचायत में गुरुवार रात्रि को रात्रि चौपाल एवं जन सुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए।

जन सुनवाई के दौरान राजस्व, बिजली, जलदाय, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा पंचायती राज विभाग से जुड़ी कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं। एसडीओ राठौड़ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली कटौती, पेयजल सप्लाई, सड़कों की मरम्मत और भूमि विवाद जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया

इस अवसर पर तहसीलदार ललित डीडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शक्करगढ़ थाना प्रभारी हेमराज मीणा को निरीक्षक पद पर पदोन्नति, क्षेत्र में खुशी की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

**(विक्रम सिंह/सांवरिया सालवी)**



कस्बे के थाना प्रभारी हेमराज मीणा को उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने मीणा को पदोन्नति पर स्टार लगाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पुलिस विभाग में हेमराज मीणा को उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है।पदोन्नति की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मीणा को शुभकामनाएं दीं।

# स्कूल में हुई चोरी के मामले में आरोपितों की निशानदेही पर 10 कंप्यूटर, कैमरे व डीवीआर बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुर थाना पुलिस ने गठिलाखेड़ा स्थित महात्मा गांधी सरकारी स्कूल में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर माल बरामद किया है । इस दौरान पुलिस ने चोरी के आरोपित महेंद्र पुरी गोस्वामी और मुकेश खटीक की निशानदेही पर 10 कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, एलईडी टीवी, प्रिंटर सहित लाखों रुपए का सामान बरामद किया है। साथ ही चोरी में उपयोग की गई बाइक भी जब्त की गई।

एएसआई ताराचंद यादव ने बताया कि बीते दिनों स्कूल के ताले तोड़कर चोरों ने रात में कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और खेल सामग्री उड़ा ली थी। स्कूल प्रबंधन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

## सीसीटीवी से मिली अहम कड़ी

पुलिस ने वारदात स्थल का निरीक्षण किया और वहां मिले ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायरों से सुराग जुटाए। सीसीटीवी फुटेज में ट्रॉली बनेड़ा की ओर जाती दिखी। जांच में खुलासा हुआ कि लांबा निवासी मुकेश खटीक, जो पहले भी 16 चोरी के मामलों में पकड़ा जा चुका है, इस वारदात में शामिल था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकेश और उसके साथी महेंद्र पुरी को पांसल क्षेत्र से दबोच लिया।

दोनों आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने 10 कंप्यूटर सेट, एलईडी टीवी, प्रिंटर, कुर्सियां, खेल सामग्री (क्रिकेट, फुटबॉल, बॉलीबॉल, हैंडबॉल, बैडमिंटन रैकेट), घंटी, बॉक्स, स्पीकर, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, इलेक्ट्रिक बेल और एक बाइक सहित चोरी का पूरा माल बरामद किया।

पूछताछ में महेंद्र ने बताया कि यह उसकी पहली वारदात थी, जबकि मुकेश आदतन अपराधी है और पहले से ही कई चोरी के मामलों में लिप्त रह चुका है। पुलिस अब आरोपितों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# चलती कार में लगी अचानक आग, समय रहते ड्राइवर ने निकाली सीट, बड़ा हादसा टला



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक चलती कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। कार में एलपीजी सिलेंडर लगा होने के कारण स्थिति बेहद खतरनाक हो गई थी, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ और मौके पर मौजूद लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, सांगानेरी गेट के पास से गुजर रही एक मारुति वैन के आगे वाली सीट के नीचे अचानक धुआं उठने लगा। शॉर्ट सर्किट के चलते सीट में आग पकड़ ली। ड्राइवर ने तत्काल वैन को सड़क किनारे रोका और सीट को बाहर निकाल दिया। इसी दौरान आस-पास मौजूद लोगों ने पानी की बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया और कुछ ही देर में लपटों पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार एलपीजी गैस से चल रही थी, जिसके कारण किसी बड़े विस्फोट की आशंका से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा दी गई, नहीं तो यह हादसा भयावह रूप ले सकता था।

# नगर पालिका बनने के बाद बिजौलिया की सफाई व्यवस्था चरमराई, गंदगी से त्रस्त हैं क्षेत्रवासी खर्च बढ़े, व्यवस्था घट गई

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

नगर पालिका बनने के बाद नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। नगर के मुख्य मार्गों से लेकर कॉलोनियों तक कई जगह कचरे के ढेर और दुर्गंध से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। स्वच्छ बिजौलिया का सपना अब सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीते वर्ष पंचायत के नगर पालिका में क्रमोन्नत होने के बाद से ही सफाई व्यवस्था बदहाल हुई है। पहले जब बिजौलिया ग्राम पंचायत थी, तब 93 कर्मचारी मात्र 5 हजार रुपए प्रतिमाह पर सेवाएं दे रहे थे, जिसके चलते सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी। वहीं अब पालिका बनने के बाद सिर्फ 32 कर्मचारी 9 हजार रुपए प्रतिमाह पर कार्यरत हैं, जिससे पूरे नगर में अव्यवस्थाओं का आलम हो गया है।

कस्बावासी नरेंद्र ने बताया कि नगर में सफाई की स्थिति इतनी खराब है कि पालिका को सफाई करवाने के लिए फोटो खींचकर भेजने पड़ते हैं, तब कहीं जाकर थोड़ी सफाई होती है। शिकायत करने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि स्वच्छ बिजौलिया का सपना अब केवल दिखावे तक सीमित रह गया है।



नगरवासियों का कहना है कि नगर पालिका बनने के बाद सफाई व्यवस्था को लेकर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया था, लेकिन ग्राम पंचायत काल में जब लाखों के टेंडर से सफाई कार्य किया जा रहा था, तब व्यवस्था अधिक अच्छी थी। अब खर्च बढ़ गए हैं, पर सफाई व्यवस्था पहले से भी कमजोर हो गई है।

रोडवेज बस स्टैंड, जो नगर का मुख्य सार्वजनिक स्थल है और जहाँ से प्रदेश के कई हिस्सों के यात्री आते-जाते हैं, वहाँ भी पिछले 15 दिनों से गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और दुर्गंध से वातावरण दूषित हो गया है।

शिकायतों के बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है, ताकि बिजौलिया फिर से स्वच्छ और सुंदर बन सके।

# गोपाष्टमी पर गौमाता की पूजा-अर्चना, गौसेवा का लिया संकल्प



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

गोपाष्टमी के अवसर पर गुरुवार को मंडोल बांध स्थित गौरक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला में क्षेत्र के गौभक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ गौमाता की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान गौप्रेमियों ने गुड़ से बनी लापसी का भोग गौमाता को अर्पित किया और गौसेवा का संकल्प लिया। गौशाला परिसर में आरती, पूजन और भोग के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने गौमाता के चरणों में पुष्प अर्पित कर प्रदेश में सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर नीलेश सनाढ्य, हितेन्द्र सिंह राजौरा, अरुण शर्मा, पंकज विजय, शैतान प्रजापत, आशीष राठौड़, गौरव विजय सहित अनेक गौसेवक उपस्थित रहे।



# भीलवाड़ा जिले में गिव अप अभियान में 2.61 लाख अपात्र लाभार्थी हटाए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा-

**मूलचन्द पेसवानी**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया गिव अप अभियान लगातार नई मिसालें कायम कर रहा है। इस अभियान में भीलवाड़ा जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अब तक सबसे आगे रहने का गौरव प्राप्त किया है। जिले में आज तक कुल 1,85,015 लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ त्याग (गिव अप) किया है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा ने बताया कि विभाग द्वारा कराए गए ई-केवाईसी सत्यापन के दौरान अतिरिक्त 76,711 लोग भी एनएफएसए सूची से बाहर हुए, जिससे अपात्र लाभार्थियों की कुल संख्या 2,61,726 हो गई है। इन अपात्र लोगों के हटने से जिले में 2,42,096 वास्तविक पात्र किन्तु वंचित परिवारों को एनएफएसए योजना में जोड़ा गया है। यह सफलता



जिले में सामाजिक जागरूकता, पारदर्शिता एवं विभागीय दक्षता का प्रतीक है।

गिव अप अभियान के तहत चार-पहिया वाहन मालिकों, सरकारी सेवकों, आयकर दाताओं एवं एक लाख से अधिक वार्षिक आय वाले नागरिकों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। ऐसे लोगों की भावना ने अभियान को मजबूती प्रदान की और समाज में सकारात्मक संदेश दिया कि योजनाओं का लाभ केवल जरूरतमंदों तक पहुँचना चाहिए।

इस अभियान से न केवल लाखों पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा बल्कि अपात्र लाभार्थियों पर खर्च होने वाली खाद्य, गैस, बीमा एवं चिकित्सा सब्सिडी की बड़ी राशि की बचत भी होगी। साथ ही, इससे सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ा है। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, सोशल एवं प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित समाज के हर वर्ग ने अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। खाद्य विभाग के कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों की भूमिका भी सराहनीय रही।

मिश्रा ने बताया कि अभियान 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जाएगा। इसके बाद जो अपात्र लाभार्थी स्वेच्छा से गिव अप नहीं करेंगे, उनसे 1 नवंबर से प्रति किलोग्राम ?30.57 की दर से गेहूं की वसूली की जाएगी। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले स्वेच्छा से लाभ त्याग कर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाएं। भीलवाड़ा जिले की इस उपलब्धि ने पूरे प्रदेश में एक आदर्श स्थापित किया है और यह सुनिश्चित किया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुँचे। उम्मीद है कि इस सकारात्मक पहल से आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार सामाजिक सहभागिता देखने को मिलेगी।

# राजगढ़ ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित हुआ ग्रामीण सेवा शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

**विक्रम सिंह ।** क्षेत्र की राजगढ़ ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण किया गया । शिविर में राजस्व, बिजली, जलदाय, कृषि सहित अन्य



विभागों के अधिकारी मौजूद रहे । ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे शिविरों से आमजन को काफी राहत मिलती है, क्योंकि उनकी समस्याओं का समाधान घर-गांव के नजदीक ही हो जाता है। इस दौरान काछोला तहसीलदार शैतान सिंह मीणा , अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रभु लाल धाकड़ , प्रशासक आरामी देवी गुर्जर , प्रतिनिधि शिव कुमार गुर्जर, एएसआई श्रवण सिंह मीणा , हेड कांस्टेबल मोहन लाल मीणा ,वार्डपंच भेरू लाल गुर्जर, हर लाल गुर्जर ,रतन गुर्जर ,जमना गुर्जर ,कालू लाल गुर्जर ,कैलाश चंद्र भील सहित कई ग्रामीण व अधिकारी मौजूद रहे

# हरी शेवा धाम में गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा और भक्ति से मनाया , गौमाता का पूजन-अर्चन और आरती संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

हरी शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर भीलवाड़ा में गुरुवार को गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में गौमाता का विधिवत पूजन-अर्चन और आरती की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी गौमाताओं को लापसी, फल और गुड़ का भोग लगाया गया। स्वामी हंसराम उदासीन ने इस अवसर पर कहा कि कार्तिक



मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है, जो गौसेवा और गोपूजन का सबसे पवित्र दिन माना गया है।

उन्होंने बताया कि वेदों में गौमाता को 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास स्थान बताया गया है। गौमाता को कामधेनु भी कहा गया है, जो समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं। इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौचारण की शुरुआत की थी, इसलिए यह दिन सनातन परंपरा में विशेष रूप से पूजनीय है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा और पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है।

कार्यक्रम में संत मयाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, सिद्धार्थ, कुणाल, मिहीर, आचार्य सत्यनारायण शर्मा, पं. मनमोहन शर्मा, अशोक मूंदड़ा सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे। वातावरण जय गौमाता और हरि ओम के जयकारों से गूंज उठा।

# जोगणिया माता गौशाला में गोपाष्टमी पर्व पर गौ पूजन समारोह संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

गोपाष्टमी पर श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान द्वारा शक्तिपीठ स्थित गौशाला में श्रद्धा एवं भक्तिभाव से गौ पूजन किया गया। इस अवसर पर गौमाताओं को स्नेहपूर्वक लापसी खिलाई गई तथा पूजन-अर्चन कर सभी ने गौ सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, कन्हैयालाल मेवाड़ा, प्रेमचंद धाकड़, गोविंद शर्मा, व्यवस्थापक शंकरलाल धाभाई, महेंद्र सिंह सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारी एवं भक्तजन उपस्थित रहे।




# काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी की सीआई पद पर पदोन्नति, एसपी ने लगाए स्टार

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

**विक्रम सिंह ।** थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी को उप निरीक्षक से पदोन्नत कर पुलिस निरीक्षक सीआई बनाया गया है। 40 दिन के प्रशिक्षण के बाद पचौरी ने भीलवाड़ा पुलिस मुख्यालय में पदोन्नति प्राप्त की, जहां पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया और पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं।

सीआई श्रद्धा पचौरी की पदोन्नति से पुलिस विभाग में हर्ष का माहौल रहा। काछोला थाने में पुलिसकर्मियों, सीएलजी सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने पचौरी का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

श्रद्धा पचौरी अपनी सख्त कार्यशैली और संवेदनशील नेतृत्व के लिए जानी जाती हैं। पदोन्नति के बाद उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगी।



## QUICK BITES

# ग्रामीण सेवा शिविर का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



**विक्रम सिंह ।** ग्राम पंचायत मुख्यालय में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का आयोजन राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में किया गया, । जिसमें पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही कई मामलों का निराकरण किया साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई । शिविर में 284 फाइलों में शुद्धिकरण हुआ 20 फॉर्मर रजिस्ट्री 16 नामांतरण 3 सहमति विभाजन हुआ। आयोजन के दौरान नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र मीणा ,प्रशासक रामपाल बलाई , चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राहुल यादव , ठाकुर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी , वार्डपंच घनश्याम पोरवाल , एएसआई श्रवण सिंह मीणा , पंचायत प्रसार अधिकारी राजकुमार व्यास , गिरदावर प्रकाशचंद्र मूंदड़ा ,पटवारी चंद्रवीर सिंह पुरावत ,ग्राम सचिव केशव शर्मा , ग्राम सेवक सोहन लाल मीणा वन विभाग से रामप्रसाद मीणा , सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई ,भगवान मंत्री ,संपत सिंह सोलंकी ,कैलाश धाकड़ पप्पू धाकड़ सहित कई ग्रामीण व अधिकारी मौजूद रहे ।

# सरदार 150 पदयात्रा 21 नवंबर को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की पहल पर लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित सरदार 150 पदयात्रा के तहत शहर में 21 नवंबर को पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिला अभियान इंचार्ज प्रशांत मेवाड़ा ने बताया कि यह यात्रा सुखाड़िया सर्किल से शुरू होकर गायत्री आश्रम, परशुराम सर्किल, सूचना केंद्र चौराहा होते हुए अंबेडकर सर्किल पर समाप्त होगी। लगभग 10 किमी लंबी यह पदयात्रा युवाओं को एकता, राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ने का संदेश देगी। जिला युवा अधिकारी जयेश मीणा ने बताया कि इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 6 अक्टूबर को किया था। कार्यक्रम के तहत स्कूल-कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद, योग शिविर, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। देशभर से चुने गए 150 यंग लीडर्स को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जो 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक करमसद सरदार पटेल की जन्मस्थली से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक निकाली जाएगी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# एमजीएच अस्पताल का विधायक अशोक कोठारी ने किया औचक निरीक्षण

## सुविधाओं में सुधार और विकास कार्यों को गति देने के दिए निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने गुरुवार दोपहर महात्मा गांधी चिकित्सालय एमजीएच का औचक निरीक्षण किया और मरीजों की सुविधाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एमजीएच सिर्फ भीलवाड़ा नहीं, पूरे क्षेत्र का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है , यहां की व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने सबसे पहले अपनी अनुशंसा पर 1.80 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की तथा इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मल्टीस्पेशलिटी बिल्डिंग के निर्माण की प्रगति जानी और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया।



**दो नए पर्ची वितरण काउंटर शुरू करने के निर्देश**

भीड़ को देखते हुए उन्होंने दो नए पर्ची वितरण काउंटर शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही, मरीजों की सुविधा के लिए माणिक्यनगर रोड की ओर से एक और प्रवेश द्वार खोलने की घोषणा की, जिससे नेहरू रोड और बस स्टैंड की ओर से आने वाले लोगों को आसानी होगी। विधायक ने अस्पताल परिसर में बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स को हटाने और नई जगह पर स्थापित करने को कहा। साथ ही, सुरक्षा दृष्टि से पूरी विद्युत लाइनें अंडरग्राउंड करने और डीजी सेट को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए।

**चिकित्सकीय सेवाओं में सुधार पर जोर**

कोठारी ने मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, जांच सुविधाओं में सुधार और चिकित्सकों की नियुक्ति पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मल्टीस्पेशलिटी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए वे सीधे मंत्री स्तर पर बात करेंगे।

**हृदय रोगियों के लिए बड़ी राहत**

उन्होंने बताया कि कैथलैब और अन्य चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य डीएमएफटी फंड से प्रगति पर है। साथ ही, नए भवन की सुपुर्दगी हो चुकी है, जिसे शीघ्र ही सरकार के मार्गदर्शन में शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़, डॉ. सिराज, मुकुटराज सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के साहिल शर्मा, आर्किटेक्ट विमल सिसोदिया सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

# गोपाष्टमी पर श्रीराम मंडल सेवा संस्थान ने किया गोशाला शेड निर्माण का भूमि पूजन

## सुरास स्थित आनंद कृष्ण गौशाला में हुआ धार्मिक आयोजन, गो सेवा के लिए प्रेरित किया

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।

श्रीराम मंडल सेवा संस्थान की ओर से गोपाष्टमी के अवसर पर आनंद कृष्ण गौशाला, सुरास में भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। यह भूमि पूजन लाल महाराज के सानिध्य में संस्थान अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता व स्नेहलता मोहता द्वारा पंडित रामचरण शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम प्रभारी रामोतार शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा गौमाताओं के लिए 2,500 वर्गफुट क्षेत्रफल में शेड निर्माण कराया जाएगा, जिसका कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में गौमाता की पूजा-अर्चना, आरती की गई और गायों को गुड़ खिलाया गया।



अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता ने कहा कि गो सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि शेड बनने से सड़कों पर घूम रही गायों को आश्रय मिल सकेगा। उन्होंने समाज से अपील की कि हर व्यक्ति अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा गो सेवा के लिए अवश्य दान करे। गोशाला में योगदान देने से धन घटता नहीं, बल्कि घर में समृद्धि आती है । मोहता ने यह भी कहा कि गौशाला का सफल संचालन जनता की समर्पित भागीदारी से ही संभव है। इस अवसर पर सुभाष शर्मा, दिनेश लखोटिया, लालचंद कुमावत, गोपी शर्मा, गौशाला सचिव राजूलाल दरोगा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# गोपाष्टमी पर सुरभि गौ तीर्थ धाम कोटड़ी में नंदीशाला का शिलान्यास

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारिक ।** गोपाष्टमी पर्व पर श्री सुरभि गौ तीर्थ धाम श्री देवनारायण गौशाला में गुरुवार को नंदीशाला निर्माण हेतु भूमि पूजन का भव्य आयोजन हुआ। संत परमेश्वरदास, महंत रामदास रामायणी और जयरामदास के सानिध्य में पंडित विष्णु शर्मा के मंत्रोच्चार से विधिविधानपूर्वक अनुष्ठान संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में छप्पन भोग की आकर्षक झांकी सजाई गई और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गौपूजन कर पुण्य अर्जित किया। गौसेवक भंवरलाल भांभी ने बताया कि कोटड़ी की यह पहली नंदीशाला होगी, जो गौसंवर्धन व संरक्षण को नई दिशा देगी।

कार्यक्रम में गोपाल गाडरी, धर्मचंद जीनगर, सतीश लोढ़ा, ओम पालीवाल, राजेंद्र काबरा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा परिसर जय गौमाता के जयघोष और भक्ति संगीत से गुंजायमान रहा।



# ग्रामीण सेवा शिविर का हुआ आयोजन, जनकल्याण योजनाओं की दी जानकारी, कई विभागों की गैरमौजूदगी से ग्रामीणों में नाराज़गी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। शिविर का आयोजन प्रभारी रामबिलास मीणा के सानिध्य में किया गया, जबकि मुख्य अतिथि कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा और विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट एवं पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी रहे।

शिविर प्रभारी रामबिलास मीणा ने मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की जानकारी ली, लेकिन पूर्ण जानकारी नहीं होने पर उन्होंने स्वयं विस्तार से समझाया। मीणा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक सही भाषा में पहुँचाना सभी का दायित्व है, ताकि लोग उनका पूरा लाभ उठा सकें। शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन और पंचायत राज विभागों से संबंधित कार्य किए गए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई और स्वच्छता को लेकर भी जनजागरूकता बढ़ाई गई।



शिविर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक बालिका का जन्मदिन मनाकर समाज में बेटी के सम्मान का संदेश दिया गया।

हालांकि, शिविर के दौरान रसद विभाग, एलोपैथिक चिकित्सक, चंबल व जलदाय विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिससे ग्रामीणों में नाराज़गी देखी गई।

कार्यक्रम में तहसीलदार श्रीलाल मीणा, हिंदू वाहिनी जिला अध्यक्ष देवराज जाट, शांतिलाल आचार्य, रामकुमार जाट, पूर्व सीआर हीरालाल जाट, पटवारी दीपा राठौड़, गिरदावर राजेंद्र काबरा, ग्राम विकास अधिकारी रामप्रताप जाट सहित कई अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### श्री कामधेनु बालाजी मंदिर में गोपाष्टमी महोत्सव पर गौ सेवकों का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




सुखाड़िया नगर स्थित श्री कामधेनु बालाजी मंदिर में गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान गौमाता को तिलक, चुनरी ओढ़ाकर सामूहिक आरती की गई और गौ सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गौ सेवकों का सम्मान किया गया।


मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने कहा कि गोपाष्टमी भगवान श्रीकृष्ण और बलराम द्वारा गौचारण की शुरुआत का प्रतीक पर्व है। गौ सेवक सोनू माली ने बताया कि सम्मानित होने वालों में सोनू गौर, सुरभि गौशाला एंबुलेंस चालक शंकर सालवी, श्रीराम गौ सेवा समिति के भाईराम, लखन, तथा गौ सेवक नारायणलाल शामिल रहे।

कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद के बद्रीलाल सोमानी ने किया। इस अवसर पर महंत बाबू गिरी जी महाराज, दिनेश सेन, रोशन माली, छगन जैन, लोकेश पगारिया, कन्हैया लाल खेतान, ओमप्रकाश लड्ढा, राजू कसारा, रेणु शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### भीलवाड़ा की बेटी दीपिका पाराशर की कलाकृति का राष्ट्रीय स्तर हुआ चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





शहर की युवा कलाकार दीपिका पाराशर ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी कलाकृति व्हिस्पर ऑफ द फॉरेस्ट का चयन पूर्वी फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित नवम वार्षिक कला आयोजन में प्रदर्शन हेतु किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी 6 नवंबर से 8 नवंबर तक सीतापुर उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। दीपिका की यह पेंटिंग प्रकृति और मनुष्य के गहरे संबंध को दर्शाती है। उनकी कलाकृति में जंगलों की शांत फुसफुसाहट, हरियाली की आत्मीयता और पर्यावरण संरक्षण का सजीव संदेश झलकता है। आयोजक मंडल ने इसे कलात्मक अभिव्यक्ति और विषय की गहराई के लिए सराहा है। इससे पूर्व भी दीपिका पाराशर की कई कलाकृतियां राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की कला प्रदर्शनियों में चयनित एवं पुरस्कृत हो चुकी हैं। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं ऑनलाइन कला प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। दीपिका ने बताया कि व्हिस्पर ऑफ द फॉरेस्ट उनके लिए एक भावनात्मक रचना है, जिसमें उन्होंने प्रकृति को एक जीवंत साथी के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका मानना है कि कला केवल रंगों का संयोजन नहीं, बल्कि भावनाओं और विचारों की अभिव्यक्ति है। भीलवाड़ा के कला प्रेमियों और नागरिकों ने दीपिका की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों ने कहा कि दीपिका की यह सफलता शहर के युवा कलाकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगी।

### एमडीएस यूनिवर्सिटी परीक्षा को लेकर एबीवीपी का माण्डलगढ़ कॉलेज में धरना-प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी ने पूर्व नगर मंत्री सोनू कुमार सेन के नेतृत्व में श्री शिवचरण माथुर राजकीय महाविद्यालय के बाहर महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर परीक्षा नियंत्रण के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्र सेवक परमेश्वर पूरी ने बताया कि 4ह्लद्ध सेमेस्टर परीक्षा का पेपर कोर्स से बाहर आया, जिससे 1000 से अधिक विद्यार्थियों को परेशानी हुई। एबीवीपी ने मांग की कि या तो विद्यार्थियों को बोनस अंक देकर पास किया जाए, या परीक्षा पुनः आयोजित की जाए। पूर्व नगर मंत्री सोनू सेन ने चेतावनी दी कि यदि मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो भूख हड़ताल की जाएगी। इस मौके पर मुकेश धाकड़, रतन खटीक, दुर्गेश गुर्जर, विवेक खटीक, जतिन पूरी, सूरज बैरवा, प्रकाश पुरावत, नितिन शर्मा, चेतन मीणा, निरमा गुर्जर, आदित्य, कोमल, लक्ष्मी, दिव्या शर्मा, काजल तेली, कांता, चंता गुर्जर सहित एबीवीपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।